airGurukul

Preparing Bharat, Empowering Futures

RRB ALP CBT 1 2025 Question Paper

18 February 2026 · Shift 3 · with Answer Key

75 questions | 75 marks | 60 minutes | +1 / −1/3

Hindi + English

Attempt this paper online – free

Real exam timer, instant score, all-India rank and detailed solutions in Hindi & English.

Scan · airgurukul.com/test-series

Call +91-7042559948 · www.airgurukul.com

Telegram Channel
t.me/airgurukulofficial

WhatsApp Channel
whatsapp.com/channel/0029VbBP7n00VycAFq6AGJ0l

YouTube Channel
youtube.com/@airGurukulRailwayExams

Android App
play.google.com/...?id=in.airgurukul

Instructions

1. Total 75 questions (Mathematics 25, General Intelligence and Reasoning 40, General Science 8, General Awareness 2).
2. Each correct answer carries 1 mark; 1/3 mark is deducted for each wrong answer.
3. Answer key is given at the end. Detailed solutions: scan the QR code on the last page.

Section 1: Mathematics (Q1–25)

Q1. **A sum of money triples itself at a certain rate of compound interest in 3 years. In how many years will it amount to 9 times of itself?**

कोई धनराशि चक्रवृद्धि ब्याज की एक निश्चित दर पर 3 वर्षों में तीन गुनी हो जाती है। कितने वर्षों में यह स्वयं की 9 गुनी हो जाएगी?

(A) 12 years / 12 वर्ष
(B) 10 years / 10 वर्ष
(C) 6 years / 6 वर्ष
(D) 3 years / 3 वर्ष

Q2. **The cost price of 28 mangoes is the same as the selling price of 25 mangoes. Find the profit percentage.**

28 आमों का क्रय मूल्य, 25 आमों के विक्रय मूल्य के बराबर है। लाभ प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

(A) 12%
(B) 11.6%
(C) 10.9%
(D) 10%

Q3. **A shopkeeper marks an article at ₹x and offers a discount of 65% on it. He sells it for ₹378 after charging VAT of 44% on the discounted price. What is the value of x?**

एक दुकानदार किसी वस्तु पर ₹x मूल्य अंकित करता है और उस पर 65% की छूट देता है। वह छूट वाले मूल्य पर 44% VAT लगाने के बाद इसे ₹378 में बेचता है। x का मान क्या है?

(A) 900
(B) 1,000
(C) 750
(D) 700

Q4. **Two alloys are made by mixing metals A and B in the ratio 3 : 2 and 5 : 3, respectively. Equal quantities of the two alloys are melted and mixed together. Find the ratio of metals A and B in the final mixture.**

धातुओं A और B को क्रमशः 3 : 2 और 5 : 3 के अनुपात में मिलाकर दो मिश्रधातुएँ बनाई जाती हैं। दोनों मिश्रधातुओं की समान मात्राओं को पिघलाकर एक साथ मिलाया जाता है। अंतिम मिश्रण में धातुओं A और B का अनुपात ज्ञात कीजिए।

(A) 49 : 31
(B) 7 : 4
(C) 49 : 30
(D) 8 : 5

Q5. **In a division sum, the divisor is 10 times the quotient and 6 times the remainder. If the remainder is 25, what is the dividend?**

एक भाग के प्रश्न में, भाजक, भागफल का 10 गुना और शेषफल का 6 गुना है। यदि शेषफल 25 है, तो भाज्य क्या है?

(A) 2277
(B) 2280
(C) 2275
(D) 2276

Q6. **Two trains of equal length are running on parallel lines in the same direction at speeds of 39 km/h and 21 km/h. The faster train passes the slower train in 26 seconds. The length of each train is:**

समान लंबाई की दो रेलगाड़ियाँ समानांतर पटरियों पर एक ही दिशा में 39 km/h और 21 km/h की चाल से चल रही हैं। तेज़ रेलगाड़ी, धीमी रेलगाड़ी को 26 सेकंड में पार करती है। प्रत्येक रेलगाड़ी की लंबाई है:

(A) 80 meters / 80 मीटर
(B) 65 meters / 65 मीटर
(C) 45 meters / 45 मीटर
(D) 48 meters / 48 मीटर

Q7. **Find the smallest digit x such that the 6-digit number 28×219 is divisible by both 9 and 11.**

वह सबसे छोटा अंक x ज्ञात कीजिए, जिससे 6 अंकों की संख्या 28x219, 9 और 11 दोनों से विभाज्य हो।

(A) 4
(B) 6
(C) 3
(D) 5

Q8. **The given data shows the marks obtained by 50 students of a class in a test. What is the mean marks obtained by students?**

Marks	Number of Students
20 - 30	5
30 - 40	12
40 - 50	10
50 - 60	15
60 - 70	8

दिया गया डेटा एक कक्षा के 50 विद्यार्थियों द्वारा एक परीक्षा में प्राप्त अंकों को दर्शाता है। विद्यार्थियों द्वारा प्राप्त माध्य अंक क्या हैं?

अंक	विद्यार्थियों की संख्या
20 - 30	5
30 - 40	12
40 - 50	10
50 - 60	15
60 - 70	8

(A) 52.3
(B) 45.2
(C) 61.1
(D) 46.8

Q9. **Let AB be an arc on a circle C that is 14 cm long. If the circumference of the circle is 180 cm, then find the angle made by arc AB at the centre.**

मान लीजिए AB, वृत्त C पर एक चाप है जिसकी लंबाई 14 cm है। यदि वृत्त की परिधि 180 cm है, तो चाप AB द्वारा केंद्र पर बनाया गया कोण ज्ञात कीजिए।

(A) 30°
(B) 32°
(C) 28°
(D) 24°

Q10. **If $X + \frac{1}{X} = 15$, find the value of $X^2 + \frac{1}{X^2}$.**

यदि $X + \frac{1}{X} = 15$ है, तो $X^2 + \frac{1}{X^2}$ का मान ज्ञात कीजिए।

(A) 125
(B) 143
(C) 225
(D) 223

Q11. **During a sale, 44% of the goods are sold at a 28% profit, 25% of the remaining goods are sold at a 48% profit and the rest are sold at an 18% loss. If there is an overall profit of x%, then what is the value of x?**

एक सेल के दौरान, 44% माल 28% लाभ पर बेचा जाता है, शेष माल का 25% भाग 48% लाभ पर बेचा जाता है और बाकी माल 18% हानि पर बेचा जाता है। यदि कुल लाभ x% है, तो x का मान क्या है?

(A) 17%
(B) 11.48%
(C) 9%
(D) 17.55%

Q12. **What sum (in ₹) will earn an interest of ₹480 in 2 years at 15% simple interest per year?**

कितनी राशि (₹ में) पर 15% वार्षिक साधारण ब्याज की दर से 2 वर्षों में ₹480 ब्याज प्राप्त होगा?

(A) 1750
(B) 1600
(C) 1400
(D) 1800

Q13. **If 33% of 497 = 71% of x, then the value of x is:**

यदि 497 का 33% = x का 71% है, तो x का मान है:

(A) 123
(B) 213
(C) 132
(D) 231

Q14. **What is the mode of the following data?**
48, 42, 46, 42, 44, 43, 48, 49, 48, 45, 53, 46, 47, 47, 49, 53, 50, 41

निम्नलिखित आँकड़ों का बहुलक क्या है?
48, 42, 46, 42, 44, 43, 48, 49, 48, 45, 53, 46, 47, 47, 49, 53, 50, 41

(A) 42
(B) 48
(C) 46
(D) 47

Q15. **Two trains are moving in the same direction at speeds of 40 km/h and 20 km/h, respectively. The faster train completely overtakes a man seated in the slower train in 10 seconds. Find the length (in m) of the faster train. (Round off your answer to the nearest integer value in meters.)**

दो रेलगाड़ियाँ एक ही दिशा में क्रमशः 40 km/h और 20 km/h की चाल से चल रही हैं। तेज़ रेलगाड़ी, धीमी रेलगाड़ी में बैठे एक व्यक्ति को 10 सेकंड में पूरी तरह से पार कर लेती है। तेज़ रेलगाड़ी की लंबाई (m में) ज्ञात कीजिए। (अपने उत्तर को मीटर में निकटतम पूर्णांक मान तक पूर्णांकित कीजिए।)

(A) 55
(B) 56
(C) 57
(D) 54

Q16. **A student's marks were incorrectly entered as 84 instead of 100. Due to this, the average marks of the class got decreased by $\frac{8}{7}$. What is the number of students in the class?**

एक विद्यार्थी के अंक गलती से 100 के स्थान पर 84 दर्ज कर दिए गए। इसके कारण, कक्षा के औसत अंक $\frac{8}{7}$ कम हो गए। कक्षा में विद्यार्थियों की संख्या क्या है?

(A) 10
(B) 9
(C) 14
(D) 18

Q17. **A solid sphere of diameter 24 cm is melted and recast into small solid cones each of base radius 4 cm and height 9 cm. How many cones will be obtained?**

24 cm व्यास वाले एक ठोस गोले को पिघलाकर, प्रत्येक 4 cm आधार त्रिज्या और 9 cm ऊँचाई वाले छोटे ठोस शंकुओं में ढाला जाता है। कितने शंकु प्राप्त होंगे?

(A) 48
(B) 45
(C) 56
(D) 32

Q18. **A and B started a business investing ₹45,000 and ₹60,000, respectively. After 4 months, C joined them with ₹75,000. If the total profit at the end of the year is ₹62,000, find the difference (in ₹) between the shares of B and C in the profit.**

A और B ने क्रमशः ₹45,000 और ₹60,000 का निवेश करके एक व्यवसाय शुरू किया। 4 महीने बाद, C ₹75,000 के साथ उनसे जुड़ गया। यदि वर्ष के अंत में कुल लाभ ₹62,000 है, तो लाभ में B और C के हिस्सों के बीच का अंतर (₹ में) ज्ञात कीजिए।

(A) 4,000
(B) 8,000
(C) 7,000
(D) 6,000

Q19. **A pipe can fill a tank in 5 hours, and another pipe can empty the same tank in 10 hours. How long will it take for both pipes to fill the tank when working together?**

एक पाइप किसी टंकी को 5 घंटे में भर सकता है, और दूसरा पाइप उसी टंकी को 10 घंटे में खाली कर सकता है। दोनों पाइपों को एक साथ खोलने पर टंकी भरने में कितना समय लगेगा?

(A) 15 hours / 15 घंटे
(B) 10 hours / 10 घंटे
(C) 8 hours / 8 घंटे
(D) 12 hours / 12 घंटे

Q20. **10 men and 15 boys together can complete a work in 6 days. It takes 100 days for one man alone to complete the same work. How many days will a boy alone take to complete the same work?**

10 पुरुष और 15 लड़के मिलकर किसी कार्य को 6 दिनों में पूरा कर सकते हैं। एक पुरुष अकेले उसी कार्य को 100 दिनों में पूरा करता है। एक लड़का अकेले उसी कार्य को कितने दिनों में पूरा करेगा?

(A) 240
(B) 250
(C) 230
(D) 225

Q21. **The circumference of two circles are in the ratio 5 : 9. Calculate the ratio of their areas.**

दो वृत्तों की परिधियों का अनुपात 5 : 9 है। उनके क्षेत्रफलों का अनुपात ज्ञात कीजिए।

(A) 25 : 18
(B) 26 : 9
(C) 52 : 81
(D) 25 : 81

Q22. **A circle is inscribed in the ΔABC, touching AB, BC and AC at the points P, Q and R, respectively. If AB – BC = 3 cm, AB – AC = 2 cm and the perimeter of ΔABC = 60 cm , then PB + AR (in cm) is**

ΔABC में एक वृत्त अंतर्निहित है, जो AB, BC और AC को क्रमशः बिंदुओं P, Q और R पर स्पर्श करता है। यदि AB – BC = 3 cm, AB – AC = 2 cm और ΔABC का परिमाप = 60 cm है, तो PB + AR (cm में) है

(A) $\frac{68}{3}$
(B) $\frac{64}{3}$
(C) $\frac{61}{3}$
(D) $\frac{65}{3}$

Q23. **A luxury watch is marked at ₹75,000. During a festival, an 18% discount is offered followed by another ₹5,000 off. What is the final price of the watch?**

एक लग्ज़री घड़ी का अंकित मूल्य ₹75,000 है। एक त्योहार के दौरान, 18% की छूट दी जाती है और उसके बाद ₹5,000 की अतिरिक्त छूट दी जाती है। घड़ी का अंतिम मूल्य क्या है?

(A) ₹55,700
(B) ₹55,600
(C) ₹56,500
(D) ₹57,500

Q24. **4% of a number is what percentage of 16% of the same number?**

किसी संख्या का 4%, उसी संख्या के 16% का कितना प्रतिशत है?

(A) 25%
(B) 10%
(C) 20%
(D) 400%

Q25. **Three persons P, Q and R started a business with their shares in the ratio 6 : 3 : 15. After 5 months Q withdrew his 80% share and R withdrew his 52% share 4 months prior to completion of the year. If total profit in the year is ₹29900 then find the share of R (in ₹) in the profit.**

तीन व्यक्तियों P, Q और R ने 6 : 3 : 15 के अनुपात में अपने हिस्से लगाकर एक व्यवसाय शुरू किया। 5 महीने बाद Q ने अपने हिस्से का 80% निकाल लिया और R ने वर्ष पूरा होने से 4 महीने पहले अपने हिस्से का 52% निकाल लिया। यदि वर्ष में कुल लाभ ₹29900 है, तो लाभ में R का हिस्सा (₹ में) ज्ञात कीजिए।

(A) 18498
(B) 18538
(C) 18580
(D) 18558

Section 2: General Intelligence and Reasoning (Q26–65)

Q26. **Refer to the following letter, symbol series and answer the question that follows. Counting to be done from left to right only.**
(Left) I A & @ @ # X % A N * @ W U # P $ U X & K Y (Right)
How many such symbols are there, each of which is immediately preceded by a letter and also immediately followed by a symbol?
निम्नलिखित अक्षर, प्रतीक शृंखला को देखिए और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएँ से दाएँ की जानी है।
(बाएँ) I A & @ @ # X % A N * @ W U # P $ U X & K Y (दाएँ)
ऐसे कितने प्रतीक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक अक्षर है और ठीक बाद भी एक प्रतीक है?

(A) 4
(B) 1
(C) 3
(D) 2

Q27. **Chahak starts from point A and walks for 6 m towards the south. Then she takes a left turn and walks for 5 m. Then she takes a left turn again and walks for 9 m. Once again, she takes a left turn and walks for 2 m. At last, she takes one more left turn and walks for 3 m. And she stops at point B. Towards which direction should she walk in order to reach point A again? (All turns are 90-degree turns only unless specified.)**
चहक बिंदु A से चलना शुरू करती है और दक्षिण की ओर 6 m चलती है। फिर वह बाएँ मुड़ती है और 5 m चलती है। फिर वह फिर से बाएँ मुड़ती है और 9 m चलती है। एक बार फिर, वह बाएँ मुड़ती है और 2 m चलती है। अंत में, वह एक बार और बाएँ मुड़ती है और 3 m चलती है और बिंदु B पर रुक जाती है। बिंदु A पर फिर से पहुँचने के लिए उसे किस दिशा में चलना चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न हो, सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के मोड़ हैं।)

(A) North / उत्तर
(B) East / पूर्व
(C) South / दक्षिण
(D) West / पश्चिम

Q28. **In a certain code language,**
'A + B' means 'A is the mother of B',
'A – B' means 'A is the brother of B',
'A × B' means 'A is the wife of B', and
'A ÷ B' means 'A is the father of B'.
Based on the above, how is P related to T, if 'P × Q ÷ S – R + T'?
एक निश्चित कूट भाषा में,
'A + B' का अर्थ है 'A, B की माँ है',
'A – B' का अर्थ है 'A, B का भाई है',
'A × B' का अर्थ है 'A, B की पत्नी है', और
'A ÷ B' का अर्थ है 'A, B का पिता है'।
उपर्युक्त के आधार पर, यदि 'P × Q ÷ S – R + T' है, तो P का T से क्या संबंध है?

(A) Father's sister / पिता की बहन
(B) Father's mother / पिता की माँ
(C) Mother's mother / माँ की माँ
(D) Mother's sister / माँ की बहन

Q29. **Refer to the following series and answer the question (All numbers are single digit numbers only. Counting to be done from left to right.)**
(Left) 1 8 4 6 1 8 6 4 4 3 3 2 1 1 8 8 6 7 4 6 8 8 4 5 9 9 4 (Right)
How many such even numbers are there each of which is immediately preceded by an odd number and also immediately followed by an odd number?

निम्नलिखित शृंखला को देखिए और प्रश्न का उत्तर दीजिए (सभी संख्याएँ केवल एक अंक वाली संख्याएँ हैं। गिनती बाएँ से दाएँ की जानी है।)
(बाएँ) 1 8 4 6 1 8 6 4 4 3 3 2 1 1 8 8 6 7 4 6 8 8 4 5 9 9 4 (दाएँ)
ऐसी कितनी सम संख्याएँ हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक विषम संख्या है और ठीक बाद भी एक विषम संख्या है?

(A) 1
(B) 2
(C) 3
(D) 0

Q30. **A, B, C, D, E, F and G are sitting around a circular table, facing the centre.**
Only two people sit between B and G when counted from the left of G. D sits third to the left of A. E sits to the immediate right of A. E sits second to the left of B. C is an immediate neighbour of D.
How many people sit between C and E when counted from the right of C?

A, B, C, D, E, F और G एक वृत्ताकार मेज़ के चारों ओर केंद्र की ओर मुख करके बैठे हैं।
G के बाएँ से गिनने पर B और G के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। D, A के बाएँ से तीसरे स्थान पर बैठा है। E, A के ठीक दाएँ बैठा है। E, B के बाएँ से दूसरे स्थान पर बैठा है। C, D का निकटतम पड़ोसी है।
C के दाएँ से गिनने पर C और E के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

(A) 2
(B) 1
(C) 3
(D) 4

Q31. **What should come in place of the question mark (?) in the given series?**
57 68 79 90 101 ?

दी गई शृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?
57 68 79 90 101 ?

(A) 114
(B) 112
(C) 108
(D) 110

Q32. **What should come in place of the question mark (?) in the given series based on the English alphabetical order?**
ILT LOW ORZ RUC ?

अंग्रेज़ी वर्णमाला क्रम के आधार पर, दी गई शृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?
ILT LOW ORZ RUC ?

(A) UFX
(B) UFF
(C) UDE
(D) UXF

Q33. **What will come in the place of '?' in the following equation, if '+' and '-' are interchanged and '×' and '÷' are interchanged?**
28 × 2 - 4 ÷ 24 + 41 = ?
यदि '+' और '-' को आपस में बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को आपस में बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में '?' के स्थान पर क्या आएगा?
28 × 2 - 4 ÷ 24 + 41 = ?

(A) 68
(B) 71
(C) 70
(D) 69

Q34. **In the following number-pairs, the second number is obtained by applying certain mathematical operations to the first number. Select the set in which the numbers are related in the same way as are the numbers of the following sets.**
(NOTE : Operations should be performed on the whole numbers, without breaking down the numbers into its constituent digits. E.g. 13 – Operations on 13 such as adding / subtracting /multiplying etc. to 13 can be performed. Breaking down 13 into 1 and 3 and then performing mathematical operations on 1 and 3 is not allowed).
2 - 5
10 - 101
निम्नलिखित संख्या-युग्मों में, पहली संख्या पर कुछ गणितीय संक्रियाएँ करके दूसरी संख्या प्राप्त की जाती है। उस समुच्चय का चयन कीजिए जिसमें संख्याएँ उसी प्रकार संबंधित हैं, जिस प्रकार निम्नलिखित समुच्चयों की संख्याएँ संबंधित हैं।
(नोट: संक्रियाएँ पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए, संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना। उदाहरण के लिए 13 – 13 पर संक्रियाएँ जैसे 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में तोड़कर फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करने की अनुमति नहीं है।)
2 - 5
10 - 101

(A) 5 - 26
(B) 4 - 18
(C) 9 - 80
(D) 8 - 63

Q35. **A question is followed by two statements numbered (I) and (II). You have to decide whether the data provided in the statements are sufficient to answer the question. Read both the statements and decide the appropriate answer.**
Q. Four runners – Ravi, Sahil, Tarun, and Uday – run at different speeds.
Who is the fastest?
(I) Tarun runs faster than Ravi but slower than Sahil.
(II) Uday runs slower than Sahil but faster than Tarun.

एक प्रश्न के बाद दो कथन (I) और (II) दिए गए हैं। आपको यह तय करना है कि कथनों में दिया गया डेटा प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है या नहीं। दोनों कथनों को पढ़ें और उपयुक्त उत्तर चुनें।
प्रश्न: चार धावक – रवि, साहिल, तरुण और उदय – अलग-अलग गति से दौड़ते हैं।
सबसे तेज़ कौन है?
(I) तरुण, रवि से तेज़ लेकिन साहिल से धीमा दौड़ता है।
(II) उदय, साहिल से धीमा लेकिन तरुण से तेज़ दौड़ता है।

(A) Data in Statement I alone is sufficient to answer the question while data in Statement II is not / कथन I में दिया गया डेटा अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन II में दिया गया डेटा पर्याप्त नहीं है
(B) Data in both statements I and II together (and not statement I alone or statement II alone) are sufficient to answer the question / कथन I और II दोनों में दिया गया डेटा एक साथ (न कि अकेले कथन I या अकेले कथन II) प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है
(C) Data in Statement II alone is sufficient to answer the question while data in Statement I is not / कथन II में दिया गया डेटा अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन I में दिया गया डेटा पर्याप्त नहीं है
(D) Data in both statements I and II together are NOT sufficient to answer the question / कथन I और II दोनों में दिया गया डेटा एक साथ भी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं है

Q36. **What should come in place of the question mark (?) in the given series based on the English alphabetical order?**
CMA GQF KUK OYP ?

अंग्रेज़ी वर्णमाला क्रम के आधार पर, दी गई शृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?
CMA GQF KUK OYP ?

(A) SCU
(B) RMU
(C) SCA
(D) SMU

Q37. **Below are given two sets of numbers. In each set of numbers, a certain mathematical operation on the first number results in the second number. Similarly, certain mathematical operation on the second number results in the third number and so on. Which of the given options follows the same set of operations as in the given sets?**
(NOTE – A two/three digit number cannot be broken into individual digits for operations e.g. if 37 is followed by 10, the operation cannot be 3+7 as a two digit number cannot be broken into individual digits)
13 - 26 - 30 - 60 ; 9 - 18 - 22 - 44

नीचे संख्याओं के दो समुच्चय दिए गए हैं। प्रत्येक समुच्चय में, पहली संख्या पर एक निश्चित गणितीय संक्रिया करने से दूसरी संख्या प्राप्त होती है। इसी प्रकार, दूसरी संख्या पर एक निश्चित गणितीय संक्रिया करने से तीसरी संख्या प्राप्त होती है, और इसी तरह आगे भी। दिए गए विकल्पों में से कौन-सा विकल्प दिए गए समुच्चयों के समान संक्रियाओं का अनुसरण करता है?
(नोट – संक्रियाओं के लिए दो/तीन अंकों वाली संख्या को अलग-अलग अंकों में नहीं तोड़ा जा सकता, उदाहरण के लिए यदि 37 के बाद 10 आता है, तो संक्रिया 3+7 नहीं हो सकती क्योंकि दो अंकों वाली संख्या को अलग-अलग अंकों में नहीं तोड़ा जा सकता)
13 - 26 - 30 - 60 ; 9 - 18 - 22 - 44

(A) 10 - 20 - 24 - 54
(B) 2 - 4 - 8 - 12
(C) 3 - 6 - 10 - 22
(D) 6 - 12 - 16 - 32

Q38. **D, E, F, G, K, L and M are sitting around a circular table, facing the centre of the table. Only four people sit between F and G when counted from the right of F. F sits third to the left of M. E sits third to the left of D. K is an immediate neighbour of both G and M. How many people sit between L and K when counted from the right of L?**

D, E, F, G, K, L और M एक वृत्ताकार मेज़ के चारों ओर, मेज़ के केंद्र की ओर मुख करके बैठे हैं। F के दाएँ से गिनने पर F और G के बीच केवल चार व्यक्ति बैठे हैं। F, M के बाएँ से तीसरे स्थान पर बैठा है। E, D के बाएँ से तीसरे स्थान पर बैठा है। K, G और M दोनों का निकटतम पड़ोसी है। L के दाएँ से गिनने पर L और K के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

(A) One / एक
(B) Two / दो
(C) Three / तीन
(D) Four / चार

Q39. **Among five people named V, W, X, Y and Z, each have a certain age. The age of X is 30. V is four times the age of W. Y is twice the age of V. Z is five times the age of W. If Z is half the age of X, what is the age of Y?**

V, W, X, Y और Z नामक पाँच व्यक्तियों में से प्रत्येक की एक निश्चित आयु है। X की आयु 30 है। V की आयु, W की आयु की चार गुनी है। Y की आयु, V की आयु की दोगुनी है। Z की आयु, W की आयु की पाँच गुनी है। यदि Z की आयु, X की आयु की आधी है, तो Y की आयु क्या है?

(A) 45
(B) 75
(C) 25
(D) 24

Q40. **What should come in place of ? in the given series?**
57 82 118 167 231 ?

दी गई श्रृंखला में ? के स्थान पर क्या आना चाहिए?
57 82 118 167 231 ?

(A) 311
(B) 314
(C) 312
(D) 313

Q41. **Read the given statements and conclusions carefully. Assuming that the information given in the statements is true, even if it appears to be at variance with commonly known facts, decide which of the given conclusion(s) logically follow(s) from the statements.**
Statements:
Some mats are carpets.
All carpets are rugs.
Conclusions:
(I) Some mats are rugs.
(II) All rugs are carpets.

दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, निर्णय लीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष तार्किक रूप से कथनों का अनुसरण करता है/करते हैं।
कथन:
कुछ मैट, कालीन हैं।
सभी कालीन, गलीचे हैं।
निष्कर्ष:
(I) कुछ मैट, गलीचे हैं।
(II) सभी गलीचे, कालीन हैं।

(A) Only conclusion (II) follows. / केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।
(B) Neither conclusion (I) nor (II) follows. / न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।
(C) Only conclusion (I) follows. / केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।
(D) Both conclusions (I) and (II) follow. / दोनों निष्कर्ष (I) और (II) अनुसरण करते हैं।

Q42. **In a code language, 'PET' is coded as 123 and 'NEAR' is coded as 152. How will 'TRAIN' be coded in the same language?**

एक कूट भाषा में, 'PET' को 123 के रूप में और 'NEAR' को 152 के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। उसी भाषा में 'TRAIN' को किस प्रकार कूटबद्ध किया जाएगा?

(A) 310
(B) 196
(C) 218
(D) 288

Q43. **If 'A' stands for '÷', 'B' stands for 'x', 'C' stands for '+' and 'D' stands for '-', what will come in place of the question mark (?) in the following equation?**
22 B 108 A 12 C 43 D 171 = ?

यदि 'A' का अर्थ '÷', 'B' का अर्थ '×', 'C' का अर्थ '+' और 'D' का अर्थ '-' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?
22 B 108 A 12 C 43 D 171 = ?

(A) 75
(B) 71
(C) 70
(D) 72

Q44. **Refer to the following letter series and answer the question that follows. Counting to be done from left to right only.**
(Left) T O W A Q D F H G U K S I C X Z O F H G U K I S (Right)
How many such consonants are there, each of which is immediately preceded by a vowel and also immediately followed by a vowel?

निम्नलिखित अक्षर शृंखला को देखिए और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएँ से दाएँ की जानी है।
(बाएँ) T O W A Q D F H G U K S I C X Z O F H G U K I S (दाएँ)
ऐसे कितने व्यंजन हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक स्वर है और ठीक बाद भी एक स्वर है?

(A) Three / तीन
(B) Two / दो
(C) None / कोई नहीं
(D) One / एक

Q45. **Each of G, H, I, J, K, L and M has an exam on a different day of a week starting from Monday and ending on Sunday of the same week. G has an exam on Wednesday. Only two persons have exam between G and L. I has exam immediately before L. H's exam is not on the last day. J has exam immediately after K. On which day does M have the exam?**

G, H, I, J, K, L और M में से प्रत्येक की परीक्षा एक ही सप्ताह के सोमवार से शुरू होकर रविवार को समाप्त होने वाले अलग-अलग दिनों में है। G की परीक्षा बुधवार को है। G और L के बीच केवल दो व्यक्तियों की परीक्षा है। I की परीक्षा, L से ठीक पहले है। H की परीक्षा अंतिम दिन नहीं है। J की परीक्षा, K के ठीक बाद है। M की परीक्षा किस दिन है?

(A) Friday / शुक्रवार
(B) Saturday / शनिवार
(C) Sunday / रविवार
(D) Monday / सोमवार

Q46. **In a certain code language, 'HAGS' is coded as '7934' and 'EAHS' is coded as '9413'. What is the code for 'E' in the given code language?**

एक निश्चित कूट भाषा में, 'HAGS' को '7934' के रूप में और 'EAHS' को '9413' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'E' का कूट क्या है?

(A) 3
(B) 4
(C) 9
(D) 1

Q47. **BIGE is related to CKJI in a certain way based on the English alphabetical order. In the same way, RYAK is related to SADO. To which of the given options is JQTB related, following the same logic?**

अंग्रेज़ी वर्णमाला क्रम के आधार पर BIGE एक निश्चित प्रकार से CKJI से संबंधित है। उसी प्रकार, RYAK, SADO से संबंधित है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, JQTB दिए गए विकल्पों में से किससे संबंधित है?

(A) KTWE
(B) KSWF
(C) JSXF
(D) JSXE

Q48. **Based on the English alphabetical order, three of the following four letter-clusters are alike in a certain way and thus form a group. Which letter-cluster DOES NOT belong to that group? (Note: The odd one out is not based on the number of consonants/vowels or their position in the letter-cluster.)**

अंग्रेज़ी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन किसी निश्चित प्रकार से एक समान हैं और इस प्रकार एक समूह बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह उस समूह से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह, उस अक्षर-समूह में व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनके स्थान पर आधारित नहीं है।)

(A) LCZ
(B) OFC
(C) TLH
(D) WNK

Q49. **Based on the English alphabetical order, three of the following four letter-cluster pairs are alike in a certain way and thus form a group. Which letter-cluster pair DOES NOT belong to that group? (Note: The odd one out is not based on the number of consonants/vowels or their position in the letter-cluster.)**

अंग्रेज़ी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन किसी निश्चित प्रकार से एक समान हैं और इस प्रकार एक समूह बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म उस समूह से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, उस अक्षर-समूह में व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनके स्थान पर आधारित नहीं है।)

(A) JA - LD
(B) SM - UQ
(C) GX - IA
(D) PV - RY

Q50. **Select the pair which follows the same pattern as that followed by the two pairs given below. Both pairs follow the same pattern.**
GVJ : ZOB
AIE : TBW

उस युग्म का चयन कीजिए जो उसी पैटर्न का अनुसरण करता है जिसका अनुसरण नीचे दिए गए दो युग्मों द्वारा किया गया है। दोनों युग्म एक ही पैटर्न का अनुसरण करते हैं।
GVJ : ZOB
AIE : TBW

(A) TYU : AHL
(B) AMY : TFQ
(C) BRA : QDN
(D) ATN : TLF

Q51. **12 is related to 149 following a certain logic. Following the same logic, 16 is related to 261. To which of the given options is 19 related, following the same logic?**
(NOTE: Operations should be performed on the whole numbers, without breaking down the numbers into their constituent digits. E.g. 13 – Operations on 13 such as adding to/subtracting from/multiplying with 13 can be performed. Breaking down 13 into 1 and 3 and then performing mathematical operations on 1 and 3 is not allowed.)

एक निश्चित तर्क के अनुसार 12 का संबंध 149 से है। उसी तर्क के अनुसार, 16 का संबंध 261 से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, 19 का संबंध दिए गए विकल्पों में से किससे है?
(नोट: संक्रियाएँ पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए, संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना। उदाहरण के लिए 13 – 13 पर संक्रियाएँ जैसे 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में तोड़कर फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करने की अनुमति नहीं है।)

(A) 366
(B) 162
(C) 259
(D) 474

Q52. **Jessica starts from Point A and drives 56 km towards north. He then takes a right turn, drives 58 km, turns right and drives 61 km. He then takes a right turn and drives 61 km. He takes a final right turn, drives 5 km and stops at Point P. How far (shortest distance) and towards which direction should he drive in order to reach Point A again? (All turns are 90 degrees turns only unless specified)**

जेसिका बिंदु A से शुरू करती है और उत्तर की ओर 56 km गाड़ी चलाती है। फिर वह दाएँ मुड़ती है, 58 km गाड़ी चलाती है, दाएँ मुड़ती है और 61 km गाड़ी चलाती है। फिर वह दाएँ मुड़ती है और 61 km गाड़ी चलाती है। वह अंतिम बार दाएँ मुड़ती है, 5 km गाड़ी चलाती है और बिंदु P पर रुक जाती है। बिंदु A पर फिर से पहुँचने के लिए उसे कितनी दूरी (न्यूनतम दूरी) तक और किस दिशा में गाड़ी चलानी चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न हो, सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के मोड़ हैं)

(A) 2 km to the east / पूर्व की ओर 2 km
(B) 1 km to the east / पूर्व की ओर 1 km
(C) 3 km to the east / पूर्व की ओर 3 km
(D) 4 km to the west / पश्चिम की ओर 4 km

Q53. **Each vowel in the word ROCKING is changed to the letter immediately preceding it in the English alphabetical order and each consonant is changed to the letter immediately following it in the English alphabetical order. Which of the following letters will appear exactly twice in the new group of letters thus formed?**

शब्द ROCKING में प्रत्येक स्वर को अंग्रेज़ी वर्णमाला क्रम में उससे ठीक पहले आने वाले अक्षर से बदल दिया जाता है और प्रत्येक व्यंजन को अंग्रेज़ी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक बाद आने वाले अक्षर से बदल दिया जाता है। इस प्रकार बने अक्षरों के नए समूह में निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर ठीक दो बार आएगा?

(A) O
(B) H
(C) D
(D) L

Q54. **A question is followed by two statements numbered (I) and (II). You have to decide whether the data provided in the statements are sufficient to answer the question. Read both the statements and decide the appropriate answer.**
Q. Four students – Kabir, Mansi, Nupur, and Rakesh – scored different marks. Who scored the second highest marks?
(I) Kabir scored more than Mansi but less than Nupur.
(II) Rakesh scored less than Nupur but more than Kabir.

एक प्रश्न के बाद दो कथन (I) और (II) दिए गए हैं। आपको यह तय करना है कि कथनों में दिया गया डेटा प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है या नहीं। दोनों कथनों को पढ़ें और उपयुक्त उत्तर चुनें।
प्रश्न: चार विद्यार्थियों – कबीर, मानसी, नूपुर और राकेश – ने अलग-अलग अंक प्राप्त किए। दूसरे सबसे अधिक अंक किसने प्राप्त किए?
(I) कबीर ने मानसी से अधिक लेकिन नूपुर से कम अंक प्राप्त किए।
(II) राकेश ने नूपुर से कम लेकिन कबीर से अधिक अंक प्राप्त किए।

(A) Data in Statement II alone is sufficient to answer the question while data in Statement I is not / कथन II में दिया गया डेटा अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन I में दिया गया डेटा पर्याप्त नहीं है
(B) Data in both statements I and II together are NOT sufficient to answer the question / कथन I और II दोनों में दिया गया डेटा एक साथ भी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं है
(C) Data in both statements I and II together (and not statement I alone or statement II alone) are sufficient to answer the question / कथन I और II दोनों में दिया गया डेटा एक साथ (न कि अकेले कथन I या अकेले कथन II) प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है
(D) Data in Statement I alone is sufficient to answer the question while data in Statement II is not / कथन I में दिया गया डेटा अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन II में दिया गया डेटा पर्याप्त नहीं है

Q55. **In a certain code language,**
'A + B' means 'A is the mother of B',
'A – B' means 'A is the brother of B',
'A × B' means 'A is the sister of B', and
'A ÷ B' means 'A is the father of B'.
Based on the above, how is P related to T, if 'P × S ÷ R – Q + T'?

एक निश्चित कूट भाषा में,
'A + B' का अर्थ है 'A, B की माँ है',
'A – B' का अर्थ है 'A, B का भाई है',
'A × B' का अर्थ है 'A, B की बहन है', और
'A ÷ B' का अर्थ है 'A, B का पिता है'।
उपर्युक्त के आधार पर, यदि 'P × S ÷ R – Q + T' है, तो P का T से क्या संबंध है?

(A) Mother's sister's husband / माँ की बहन का पति
(B) Mother's father's sister / माँ के पिता की बहन
(C) Mother's father's brother / माँ के पिता का भाई
(D) Father's sister's husband / पिता की बहन का पति

Q56. **Seven boxes, U, V, O, P, Q, R and S, are kept one over the other but not necessarily in the same order. Q is kept second from the top. Only two boxes are kept between Q and R. S is kept immediately below Q. Only one box is kept between P and S. V is kept immediately above U. Which box is third from the top?**

सात बॉक्स U, V, O, P, Q, R और S एक के ऊपर एक रखे गए हैं, लेकिन ज़रूरी नहीं कि इसी क्रम में हों। Q को ऊपर से दूसरे स्थान पर रखा गया है। Q और R के बीच केवल दो बॉक्स रखे गए हैं। S को Q के ठीक नीचे रखा गया है। P और S के बीच केवल एक बॉक्स रखा गया है। V को U के ठीक ऊपर रखा गया है। ऊपर से तीसरे स्थान पर कौन-सा बॉक्स है?

(A) R
(B) S
(C) P
(D) V

Q57. **Each letter in the word PERSON is changed to the second letter immediately following it in the English alphabetical order, and then all the letters thus formed are arranged in alphabetical order. Which letter will be fifth from the right in the new number thus formed?**

शब्द PERSON में प्रत्येक अक्षर को अंग्रेज़ी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक बाद आने वाले दूसरे अक्षर से बदल दिया जाता है, और फिर इस प्रकार बने सभी अक्षरों को वर्णानुक्रम में व्यवस्थित किया जाता है। इस प्रकार बने नए समूह में दाएँ से पाँचवाँ अक्षर कौन-सा होगा?

(A) P
(B) Q
(C) T
(D) E

Q58. **If 2 is added to each odd digit and 1 is subtracted from each even digit in the number 7815642, which of the following digits will be third from the left?**

यदि संख्या 7815642 में प्रत्येक विषम अंक में 2 जोड़ा जाए और प्रत्येक सम अंक में से 1 घटाया जाए, तो बाएँ से तीसरा अंक निम्नलिखित में से कौन-सा होगा?

(A) 9
(B) 3
(C) 1
(D) 7

Q59. **Each of A, B, C, D, S, T and U has an exam on a different day of a week starting from Monday and ending on Sunday of the same week. S has the exam on Thursday, and U has the exam on Saturday. T has the exam immediately before B. A has the exam on one of the days after C. D has the exam immediately after B. How many people have exams between A and D?**

A, B, C, D, S, T और U में से प्रत्येक की परीक्षा एक ही सप्ताह के सोमवार से शुरू होकर रविवार को समाप्त होने वाले अलग-अलग दिनों में है। S की परीक्षा गुरुवार को है, और U की परीक्षा शनिवार को है। T की परीक्षा, B से ठीक पहले है। A की परीक्षा, C के बाद के दिनों में से किसी एक दिन है। D की परीक्षा, B के ठीक बाद है। A और D के बीच कितने व्यक्तियों की परीक्षा है?

(A) Three / तीन
(B) Four / चार
(C) Two / दो
(D) One / एक

Q60. **CH 43 is related to GL 23 in a certain way. In the same way, FK 85 is related to JO 65. To which of the given options is NS 76 related, following the same logic?**

CH 43 एक निश्चित प्रकार से GL 23 से संबंधित है। उसी प्रकार, FK 85, JO 65 से संबंधित है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, NS 76 दिए गए विकल्पों में से किससे संबंधित है?

(A) TW 56
(B) RV 65
(C) RW 56
(D) TU 65


Q61. **Based on the English alphabetical order, three of the following four letter-clusters are alike in a certain way and thus form a group. Which letter-cluster DOES NOT belong to that group? (Note: The odd one out is not based on the number of consonants/vowels or their position in the letter-cluster.)**


अंग्रेज़ी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन किसी निश्चित प्रकार से एक समान हैं और इस प्रकार एक समूह बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह उस समूह से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह, उस अक्षर-समूह में व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनके स्थान पर आधारित नहीं है।)


(A) CFK
(B) MOU
(C) KNS
(D) RUZ


Q62. **Select the Venn diagram that best illustrates the relationship between the following classes. Trees, Grass, Bamboo**

उस वेन आरेख का चयन कीजिए जो निम्नलिखित वर्गों के बीच संबंध को सर्वोत्तम रूप से दर्शाता है।
पेड़, घास, बाँस

(A)


(B)


(C)


(D)


Q63. **A, B, C, D, E, F and G live on seven different floors of the same building. The lowermost floor in the building is numbered 1, the floor above it is numbered 2 and so on till the topmost floor is numbered 7. B lives on the third floor. Only two persons live between B and D. Only one person live between D and A. Only one person lives between F and C but C does not live on the topmost floor. G lives immediately below E. On which floor number does E live?**

A, B, C, D, E, F और G एक ही इमारत की सात अलग-अलग मंज़िलों पर रहते हैं। इमारत की सबसे निचली मंज़िल की संख्या 1 है, उसके ऊपर की मंज़िल की संख्या 2 है और इसी प्रकार सबसे ऊपरी मंज़िल की संख्या 7 है। B तीसरी मंज़िल पर रहता है। B और D के बीच केवल दो व्यक्ति रहते हैं। D और A के बीच केवल एक व्यक्ति रहता है। F और C के बीच केवल एक व्यक्ति रहता है लेकिन C सबसे ऊपरी मंज़िल पर नहीं रहता है। G, E के ठीक नीचे रहता है। E किस मंज़िल पर रहता है?

(A) Floor number 6 / मंज़िल संख्या 6
(B) Floor number 7 / मंज़िल संख्या 7
(C) Floor number 2 / मंज़िल संख्या 2
(D) Floor number 5 / मंज़िल संख्या 5

Q64. **Each vowel in the word WONDERS is changed to the letter immediately following it in the English alphabetical order and each consonant is changed to the letter immediately preceding it in the English alphabetical order. How many vowels will be there in the new group of letters thus formed?**

शब्द WONDERS में प्रत्येक स्वर को अंग्रेज़ी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक बाद आने वाले अक्षर से बदल दिया जाता है और प्रत्येक व्यंजन को अंग्रेज़ी वर्णमाला क्रम में उससे ठीक पहले आने वाले अक्षर से बदल दिया जाता है। इस प्रकार बने अक्षरों के नए समूह में कितने स्वर होंगे?

(A) 0
(B) 2
(C) 1
(D) 3

Q65. **Each vowel in the word RESTING is changed to the letter immediately following it in the English alphabetical order and each consonant is changed to the letter immediately preceding it in the English alphabetical order. Which of the following letters will appear exactly twice in the new group of letters thus formed?**

शब्द RESTING में प्रत्येक स्वर को अंग्रेज़ी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक बाद आने वाले अक्षर से बदल दिया जाता है और प्रत्येक व्यंजन को अंग्रेज़ी वर्णमाला क्रम में उससे ठीक पहले आने वाले अक्षर से बदल दिया जाता है। इस प्रकार बने अक्षरों के नए समूह में निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर ठीक दो बार आएगा?

(A) S
(B) J
(C) F
(D) R

Want to clear RRB ALP CBT 1?

Prepare with **Shatābdī (शताब्दी) 1.0 – RRB Group-D Preparation Course** – structured classes, practice and doubt support for RRB ALP CBT 1.

Every PYP as an online test
Shift-wise papers with timer, score and rank.

Detailed solutions
Step-by-step answers in Hindi and English.

Free live classes
Daily classes on our YouTube channel airGurukul Railway Exams.

Exam updates
Notifications, admit cards and results on WhatsApp.

See the course

Attempt this paper online

Detailed solutions

Free classes & exam updates

Telegram Channel
t.me/airgurukulofficial

WhatsApp Channel
whatsapp.com/channel/0029VbBP7n00VycAFq6AGJ0I

YouTube Channel
youtube.com/@airGurukulRailwayExams

Android App
play.google.com/...?id=in.airgurukul

Call / WhatsApp **+91-7042559948** · www.airgurukul.com

Section 3: General Science (Q66–73)

Q66. **During the chlor-alkali process, which of the following statements is correct regarding the products formed at different electrodes?**

क्लोर-क्षार प्रक्रिया के दौरान, विभिन्न इलेक्ट्रोडों पर बनने वाले उत्पादों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

(A) Hydrogen gas is released at the cathode and chlorine gas at the anode. / कैथोड पर हाइड्रोजन गैस और एनोड पर क्लोरीन गैस मुक्त होती है।

(B) Chlorine gas is released at the cathode and hydrogen gas at the anode. / कैथोड पर क्लोरीन गैस और एनोड पर हाइड्रोजन गैस मुक्त होती है।

(C) Sodium hydroxide is formed at the anode and chlorine gas at the cathode. / एनोड पर सोडियम हाइड्रॉक्साइड और कैथोड पर क्लोरीन गैस बनती है।

(D) Sodium hydroxide and hydrogen gas both form at the anode. / सोडियम हाइड्रॉक्साइड और हाइड्रोजन गैस दोनों एनोड पर बनते हैं।

Q67. **A sound wave has a frequency of 4 kHz and a wavelength of 25 cm. How much time will it take to travel a distance of 2.5 km?**

एक ध्वनि तरंग की आवृत्ति 4 kHz और तरंगदैर्ध्य 25 cm है। 2.5 km की दूरी तय करने में इसे कितना समय लगेगा?

(A) 2.6 s

(B) 2.2 s

(C) 2.0 s

(D) 2.5 s

Q68. **Transportation of water in plants takes place through _____.**

पौधों में जल का परिवहन _____ के माध्यम से होता है।

(A) Xylem / जाइलम

(B) Phloem / फ्लोएम

(C) Sclerenchyma / दृढ़ोतक (स्क्लेरेनकाइमा)

(D) Parenchyma / मृदूतक (पैरेनकाइमा)

Q69. **A body of mass 4 kg has a kinetic energy of 72 J. Its speed is:**

4 kg द्रव्यमान वाले एक पिंड की गतिज ऊर्जा 72 J है। इसकी चाल है:

(A) 4 m/s

(B) 3 m/s

(C) 9 m/s

(D) 6 m/s

Q70. Which of the following statements correctly describes a double concave lens?

निम्नलिखित में से कौन-सा कथन उभयावतल (द्वि-अवतल) लेंस का सही वर्णन करता है?

(A) It is thinner at the edges and thicker in the middle; it converges light rays. / यह किनारों पर पतला और बीच में मोटा होता है; यह प्रकाश किरणों को अभिसरित करता है।

(B) It is used to focus light to a single point. / इसका उपयोग प्रकाश को एक बिंदु पर फोकस करने के लिए किया जाता है।

(C) It is equally thick at the center and edges; it neither converges nor diverges light. / यह केंद्र और किनारों पर समान रूप से मोटा होता है; यह प्रकाश को न तो अभिसरित करता है और न ही अपसरित।

(D) It is thicker at the edges and thinner in the middle; it diverges light rays. / यह किनारों पर मोटा और बीच में पतला होता है; यह प्रकाश किरणों को अपसरित करता है।

Q71. Which of the following is a mechanical method of weed control?

निम्नलिखित में से कौन-सी खरपतवार नियंत्रण की यांत्रिक विधि है?

(A) Spraying herbicides / शाकनाशियों का छिड़काव

(B) Hand weeding / हाथ से निराई

(C) Crop rotation / फसल चक्रण

(D) Seed treatment / बीज उपचार

Q72. Waste products formed in body by energy generation processes are desirable to remove by which of the following life processes?

शरीर में ऊर्जा उत्पादन की प्रक्रियाओं द्वारा बने अपशिष्ट उत्पादों को निम्नलिखित में से किस जैव प्रक्रम द्वारा बाहर निकालना वांछनीय है?

(A) Excretion / उत्सर्जन

(B) Nutrition / पोषण

(C) Circulation / परिसंचरण

(D) Digestion / पाचन

Q73. Which of the following correctly describes the properties of a proton?

निम्नलिखित में से कौन-सा प्रोटॉन के गुणों का सही वर्णन करता है?

(A) It is positively charged and has a mass approximately 2000 times that of an electron. / यह धनावेशित होता है और इसका द्रव्यमान इलेक्ट्रॉन के द्रव्यमान का लगभग 2000 गुना होता है।

(B) It has no charge and is present in the nucleus. / इस पर कोई आवेश नहीं होता और यह नाभिक में उपस्थित होता है।

(C) It is negatively charged and located inside the nucleus. / यह ऋणावेशित होता है और नाभिक के अंदर स्थित होता है।

(D) It has a positive charge and a mass equal to an electron. / इस पर धनावेश होता है और इसका द्रव्यमान इलेक्ट्रॉन के बराबर होता है।

Section 4: General Awareness (Q74–75)

Q74. **Under the Right to Equality, of the Indian Constitution, which type of equality is ensured in public employment?**

भारतीय संविधान के अंतर्गत समता के अधिकार के तहत, लोक नियोजन (सार्वजनिक रोज़गार) में किस प्रकार की समता सुनिश्चित की जाती है?

(A) Religious equality / धार्मिक समता
(B) Economic equality / आर्थिक समता
(C) Political equality / राजनीतिक समता
(D) Equality of opportunity / अवसर की समता

Q75. **The Indian Genomic Data Set launched in 2025 is stored at which of the following facilities?**

वर्ष 2025 में लॉन्च किया गया भारतीय जीनोमिक डेटा सेट निम्नलिखित में से किस सुविधा में संग्रहीत है?

(A) Bharat Bioinformatics Center / भारत बायोइन्फॉर्मेटिक्स सेंटर
(B) National Data Archive of India / नेशनल डेटा आर्काइव ऑफ इंडिया
(C) Indian Genomics Mission Lab / इंडियन जीनोमिक्स मिशन लैब
(D) Indian Biological Data Centre / भारतीय जैविक डेटा केंद्र (IBDC)

airGurukul

Answer Key – RRB ALP CBT 1 18 February 2026, Shift 3

1	C	2	A	3	C	4	A	5	C
6	B	7	D	8	D	9	C	10	D
11	B	12	B	13	D	14	B	15	B
16	C	17	A	18	A	19	B	20	D
21	D	22	D	23	C	24	A	25	B
26	D	27	D	28	C	29	A	30	A
31	B	32	D	33	D	34	A	35	B
36	A	37	D	38	B	39	D	40	C
41	C	42	A	43	C	44	B	45	C
46	D	47	B	48	C	49	B	50	B
51	A	52	C	53	B	54	C	55	B
56	B	57	A	58	B	59	A	60	C
61	B	62	B	63	C	64	A	65	C
66	A	67	D	68	A	69	D	70	D
71	B	72	A	73	A	74	D	75	D

Why is an answer correct?
Scan for detailed solutions of all 75 questions in Hindi & English – free with login.

Keep practising with airGurukul

All RRB ALP CBT 1 previous year papers – free PDFs, online tests and solved eBooks at **airgurukul.com/library/pyp/rrb-alp-cbt1**.

Attempt this paper online – free
Full test and section-wise tests with timer, score and rank at airgurukul.com/test-series

Join airGurukul

Telegram Channel
t.me/airgurukulofficial

WhatsApp Channel
whatsapp.com/channel/0029VbBP7n00VycAFq6AGJ0I

YouTube Channel
youtube.com/@airGurukulRailwayExams

Android App
play.google.com/...?id=in.airgurukul

airGurukul

airGurukul Institute for Career Growth · Prince Edutech Private Limited
Call +91-7042559948 · info@airgurukul.com · www.airgurukul.com